मुझे है तलाश तेरी

मुझे है तलाश तेरी,
मुझे तेरी जुस्तजू है...-3

मुझको तेरी तमन्ना,
मुझे तेरी आरज़ू है....-3
मुझे है तलाश तेरी......

किस काम का ये जीवन,
तेरा प्यार अगर ना पाया
तुझसे ना दिल लगाया,
तुझको ना गर रिझाया
तुम बिन अंधेरी दुनिया,
सुनसान चारज़ू है।
मुझे है तलाश तेरी .....

आँखों में हो तस्व्वुर,
दिल में हो याद तेरी
तेरी याद की महक से,
महक जाए दुनिया मेरी
दौलत भी मेरी तू है,
मेरी ज़िंदगी भी तू है।
मुझको तेरी तमन्ना
मुझे तेरी आरज़ू है
मुझे है तलाश तेरी....

जिस दिल में हो ना पैदा,
सांवल लगन तुम्हारी
बर्बाद ज़िन्दगी है,
बेचैन रूह बेचारी
उस दिल का क्या है कहना,
जिस दिल में तू ही तू है।
मुझको तेरी तमन्ना
मुझे तेरी आरज़ू है
मुझे है तलाश तेरी.......

हूँ खुशनसीब मुझ पर,
नज़र ए करम है तेरा
हो क्यों ना नाज़ मुझको,

सांवल मैं दास तेरा
मेरे दिल में तू ही तू है,
मेरा एक तू ही तू है
मुझको तेरी तमन्ना
मुझे तेरी आरज़ू है
मुझे है तलाश तेरी .....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23083/title/mujhe-hai-talash-teri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |